तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 अगस्त 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 उमराव नगर स्कूल की छात्राओं की राखी से ...

11 प्रेरणा ने पार्षद कुंती और उनके दामाद के खिलाफ ...


श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर का असरः उद्यानिकी कॉलेज में तूफान से उड़े शेड की हुई मरम्मत, क्लास में बाधामुक्त पढ़ाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

महात्मा गांधी वानिकी एवं उद्यानिकी विश्वविद्यालय रायपुर सम्बद्ध मोहगांव स्थित हार्टिकल्चर कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में महीनों पूर्व आंधी-तूफान से टिन शेड उड़ने कर बाद मरम्मत नहीं किये जाने से अध्ययनरत छात्रों को पढ़ाई में हो रही समस्याओं पर हरिभूमि ने 26 जून एवं 18 जुलाई को खबरों का प्रकाशन किया गया था। जिसके पश्चात कलेक्टर स्वयं मौके पर दौरे में पहुंचकर उद्यानिकी कॉलेज की स्थिति का जायजा लिया। विद्यार्थियों से बातचीत कर बरसात में हो रही समस्या के सम्बंध में त्वरित समाधान की बात कही थी। वही अब महीनेभर के अन्तराल में कॉलेज प्रशासक अधिष्ठाता पीके तिवारी के निर्देश पर कामचलाऊ मरम्मत करा ली गई है। उक्त प्रभावित क्लास में फर्नीचर समायोजित कर व्यवस्थित भी कर लिया गया है।

■ खबर पर संज्ञान लेकर कलेक्टर ने किया था निरीक्षण

### होल हो जाने से धूप व बारिश में हो रही थी परेशानी


कॉलेज प्रबंधन की उदासीनता से हो रही विद्यार्थियों को परेशानी
साजा उद्यानिकी कॉलेज में अव्यवस्था व अस्वच्छता का वातावरण

उल्लेखनीय है कि विगत पूर्व में जब क्षेत्र में तेज हवा व तूफान आया था तो कृषि कॉलेज के अधीनस्थ उद्यानिकी की अस्थायी बिल्डिंग के शेड में बड़ा सा होल जाने से खुले सा प्रतीत हो रहा था। धूप एवं बारिश के कारण छात्रों को क्लास में बैठने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। फिलहाल की स्थिति में उचित मरम्मत व इंतजाम कर दिया गया है। उद्यानिकी महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं क्लास में बैठकर पढ़ाई कर पा रहे हैं।

## अव्यवस्था : ग्राम कांपा का मामला, ग्रामीणों में आक्रोश

# सहकारी व कुटीर भवन दोनों हो गए जर्जर छतों से टपक रहा पानी, दीवारों में सीपेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/थान खमरिया



किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराने के लिए मंडी बोर्ड के पैसे से पूर्व सरकार द्वारा जिला सहकारी भवन व कुटीर भवन का निर्माण कराया गया था। भवन जर्जर अवस्था में है, ऐसे में कर्मचारी, किसान परेशान है। सरकारी समिति के भवन की समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है, किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराने के लिए स्थापित कुटीर भवन अनुपयोगी हो गया है । मात्र वर्षभर पहले बने भवन का रखरखाव न होने से जगह-जगह सीपेज आ रहे हैं, वहीं बारिश के समय छत से पानी टपकता है, जिसके चलते खाद बीज को खाली कराया गया है। मंडी बोर्ड के खजाने को पूर्व सरकार के द्वारा अन्य में खर्च किया गया बंटाधार, थान खमरिया ग्राम कांपा लोधी में सेवा सहकारी समिति का पंजीयन क्रमांक 356 में जो भवन निर्माण मंडी बोर्ड द्वारा हुआ है। किसान कुटीर जो लगभग 1 वर्ष पूरा होने जा रहा है, इसमें टाइल्स लगा है, वही नीचे की ओर धंस गया है। तथा जगह-जगह सीपेज दीवारों से आ रहा है। दूसरा भवन करीब 15 दिन निर्माण पूरा हुए और जिसका छत क्रेक हो गया है। क्रेक होने से जगह-जगह पानी टपक रहा है। दीवारों में भी सीपेज आ रहा है। यह भवन खाद रखने हेतु बनाया गया है, जिसकी जानकारी समिति प्रबंधक हीरालाल पटेल तथा सहायक भीखम पटेल सेवा सहकारी समिति कांपा को दे दी गई है।

■ एक का निर्माण सालभर पहले व दूसरे को महीनेभर हुए

### जांच कराई जाए

ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। तोशू राम वर्मा, जितेंद्र वर्मा, रोहित वर्मा, रमाकांत वर्मा, मेघु वर्मा, रामस्वरूप पटेल, ईश्वर ,अशोक, मुकेश, राजेंद्र सिंह, तारकेश्वर निर्मलकर ने कहा कि मामले की जांच कराई जाए।

## साजा विधायक का पूर्व निज सचिव प्रेमलाल गिरफ्तार, जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

साजा विधानसभा क्षेत्र में विगत महीनेभर से राजनीतिक पारा विधायक ईश्वर साहू के भतीजे प्रेमलाल साहू के कारण हाई हो चुका है। इसका नतीजा यह हुआ कि साजा विधानसभा में भाजपाइयों की तकरार व जमकर चल रही खींचतान गुरुवार सामने आ गई। साजा विधायक ईश्वर साहू के भतीजे व पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू को पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया। भाजपा के नेताओं की लगातार शिकायतों के कारण विधायक कार्यालय से हटाए जाने के बाद प्रेमलाल साहू ने सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। बताया जाता है कि वह अक्सर रात होते ही भाजपा नेताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर व्यक्तिगत व पारिवारिक मामलों को लेकर वाट्सएप्प ग्रुपों में अनर्गल बातें लिख रहा था। इसके कारण भाजपा के संगठन का वातावरण व माहौल गर्म हो गया था। इसकी शिकायत बुधवार को एसपी कार्यालय में की गई थी। उसके दूसरे ही दिन मामले में रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमलाल को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

ताज़ा मामला सोशल मीडिया पर इन दिनों जमकर चल रहे सियासी संग्राम को लेकर है, जिसमे एक तरफ ग्राम कंदई निवासी एवं ज़िला पंचायत सभापति गोवेन्द्र गुड्डा पटेल है, जो ▸▸| शेष पेज 11 पर

■ जिला पंचायत सभापति गोवेन्द्र की शिकायत पर देवरबीजा चौकी पुलिस ने की कार्रवाई

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 358.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 1 जून से 1 अगस्त तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 358.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 471.5 मि.मी. तथा न्यूनतम 257 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 385.2 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 305.2 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 340.3 मि.मी., देवकर तहसील में 415 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 312 मि.मी., वर्षा भिंभौरी.तहसील में 274.3 मि.मी. एवं साजा तहसील में 469 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### ज़िला जल स्वच्छता समिति की बैठक आज

**बेमेतरा।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 2 अगस्त सायं 4 बजे कलेक्टर की अध्यक्षता में रखी गई है। कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगे। प्राप्त निविदा दर व पूर्व में जारी प्रशासकीय स्वीकृति में पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति, अनुमोदन पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श होगा। प्रभारी कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मनोज नायक ने समिति के सदस्यों को बैठक की सूचना देते हुए उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 4 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**बेमेतरा।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए अविवाहित युवक एवं युवतियों से ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 अगस्त कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के वेबसाइट पर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अग्निवीर भर्ती परीक्षा 18 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का जन्म 03 जुलाई 2004 से 03 जनवरी 2008 के बीच हुआ हो।

### अजा-अजजा वर्ग के युवा स्वरोजगार के लिए कर सकते हैं आवेदन

**बेमेतरा।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए जिले के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग इच्छुक आवेदकों से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए उन्हें आवेदन करना होगा। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बेमेतरा के कार्यापालन अधिकारी प्रवीण कुमार लाटा ने बताया कि जिले के अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के आवेदकों को अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनान्तर्गत ऋण प्रदान किया जाएगा, इसमें 10 हज़ार रुपये का अनुदान भी मिलता है। इच्छुक युवा आवेदन कर सकते हैं, जिन्हें ऋण प्रदान किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बेमेतरा में सायं 5.30 तक जमा कर सकते हैं।

## श्रीराम कृष्ण मंदिर के नए महंत बने सुरेन्द्र दास



**नवागढ़।** नगर के मध्य स्थित प्राचीन श्री रामकृष्ण मंदिर नवागढ़ में विधि विधान से नए महंत की नियुक्ति की गई। इसमें दूर-दराज से आए साधु-संत, विभिन्न मठ मन्दिरों के महंतों एवं नगरवासियों की उपस्थिति में सुरेंद्र दास को नया महंत मनोनीत किया गया। इस दौरान श्री शमी गणेश मंदिर से राम मंदिर तक शोभायात्रा भी निकाली गई। उसके बाद विधिवत नए महंत की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

इस अवसर पर संत सर्वेश्वर दास, हरिशंकर, नरेंद्र दास, देवनाथ, गोविंद दास, राधेश्याम,हरिदास, बसंत बिहारी, सुखदेव दास, सुरेंद्र दास, राकेश जायसवाल, मिंटू बिसेन, रामनारायण पाठक, लता जायसवाल, लक्ष्मीचंद जैन, विनोद साहू, श्रीकांत ठाकुर, शिव नारायण पाठक, रामनाथ ध्रुव, पप्पू निषाद, खेलन यादव, शिव दीवान, नंद गुप्ता, बबलू ताम्रकार, राजा खुराना, दिलीप वैष्णव, प्रदीप वैष्णव, दुर्गेश शर्मा सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

## मनियारी स्कूल की बालिकाओं ने सैनिकों के लिए भेजी राखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला



विकासखण्ड बेरला के निकटवर्ती शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मनियारी के बालिकाओं ने सैनिकों के लिए रक्षासूत्र व गांव की एक चुटकी मिट्टी डाल कर पत्र लिखकर भेजा। भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन के त्योहार को कुछ दिन ही बाकी है। वही रक्षाबंधन के दिन बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं।

लेकिन कई बार सीमा पर रहकर देश की रक्षा के लिए तैनात जवान रक्षाबंधन के पर्व पर अपनी बहनों के पास राखीं बंधवाने नहीं पहुंच पाते हैं। इसी के चलते बालिकाओं ने बताया कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के चेहरे पर रक्षा बंधन पर्व पर अपनों से दूर रहने के कारण उदासी न हो और उनकी कलाई सूनी न रहे, इसके लिए प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मनियारी में पढ़ने वाली बालिकाओं ने कई तरह के डिजाइन की राखियां बनाई व स्केच बना कर भी लिफाफे में गांव की एक चुटकी मिट्टी डालकर पत्र के साथ भेजा। वहीं, पत्र में बालिकाओं ने अपने घर तरफ की हाल चाल बताते हुए सकुशल समाचार लिखा और सैनिक भाईयों के सकुशल होने की कामना की। पत्र लिखने और राखी भेजने वाली छात्राओं में प्राथमिक शाला से मेघा विश्वकर्मा चौथी कक्षा, दामिनी निषाद सातवीं, बीना, रीतू, संतोषी आठवीं सहित अन्य बालिकाएं शामिल हैं। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक केश्वराम देशलहरे, सहायक शिक्षक भारत राम साहू, देवेंद्र सिंह राजपूत, मिडिल स्कूल के सहायक शिक्षक नंदकिशोर पटेल, संकुल समन्वयक दुर्गादास चेलक उपस्थित रहे।

■ राखी के साथ भेजी गांव की एक चुटकी मिट्टी और लिखा पत्र

## बेमेतरा के पशु चिकित्सालय भगवान भरोसे, पशुपालकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के कई पशु चिकित्सालय भगवान भरोसे संचालित हो रहे हैं। कई अस्पतालों में डाक्टर ही नहीं। बारिश के मौसम में पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा भले ही पशु पालकों को सुविधाएं देने के लिए बड़े-बड़े नियम व योजनाएं बनाई जा रही है। लेकिन जिस स्थान से योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को देनी है वहां पर शासन की नजर ही नहीं है। वर्तमान में वर्षा ॠतु के चलते बारिश होने पर साथ ही कई मौसमी बीमारी आते है। जिसका प्रभाव मनुष्य के साथ जानवर के लिए भी खतरा बना हुआ है। एक ओर शासन प्रशासन द्वारा पशु के लिए कई नियम व योजनाएं पर अभियान चलाए जा रहे है। लेकिन जिला बेमेतरा के पशु चिकित्सालय द्वारा प्रचार प्रसार करने में कमजोर दिखाई दे रहे है। जिसके चलते गांव व शहर की गौठानों पर कई मवेशी व पशु बीमार के चपेट में आ रहे है। इसके अलावा खण्डवार में ग्रामीण अंचल में पशु औषधालय का कार्यलय स्थापित कर दिया गया है लेकिन डॉक्टर ही नहीं है। कई जगहों के औषधालय में डॉक्टर दो से तीन जगहों पर कार्यभार संभाल रहे है तो कहीं कार्यालय में व्यवस्था के रूप में कार्य करने वाले संविदा कर्मचारी ही डॉक्टर के दायित्व को निभा रहे है। ओर मौके पर जाकर पशु की इलाज कर रहे है। यह परिस्थिति पूरे जिले की बदहाली चर्चा में है। जो जिले के प्रत्येक ग्रामीणों में सवालिया खड़ा हो रहा है। पशु चिकित्सालय इन दिनों भगवान भरोसे पर चल रहे हैं।

■ जिले के कई पशु चिकित्सालयों में डॉक्टर नहीं

### पशुओं का इलाज कराए बिना लौट रहे ग्रामीण

पशु औषधालयों में डॉक्टर नही होने के कारण पशु पालकों को लाभ नही मिल पा रहा है। इसके अलावा पशु चिकित्सालयों में ताला लटकता नजर आ रहे है। ग्रामीण खाली हाथ बिना इलाज के लौट रहे है। इसी तरह बेमेतरा, नवागढ़, बेरला एवं साजा के ग्रामीण व खण्ड वार की औषधालयों में डॉक्टर ही नहीं है।

## जिला न्यायाधीश ने किया पौधारोपण

# प्रकृति का संरक्षण ही जीवन की सुरक्षा हैः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा




जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा पर्यावरण के संरक्षण प्रबंधन अभियान के तहत न्यायाधीश कॉलोनी गुनरबोड, बेमेतरा में वन विभाग के सहयोग से पौधारोपण कर जनमानस में यह संदेश दिया कि बरसात के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिये क्योंकि प्रकृति स्वयं उस पौधे का पालन-पोषण करती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा भी एक पौधा लगाया जाये तो हम आने वाले पीढ़ी को एक सुरक्षित, संरक्षित, प्रदुषण मुक्त वातावरण उपलब्ध करा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही जीवन का संरक्षण है। श्री शास्त्री ने जनमानस से अपने घर, कॉलोनी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत सूखा-गीला कचरे को रिसायकल कर प्रकृति को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के साथ-साथ अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार उपाध्याय, गुलापन राम यादव न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं वी.एन. दुबे उपखण्ड अधिकारी वन विभाग एवं पैरालिगल वॉलेटियर्स संजीव शर्मा, देवेन्द्र यादव, तरूण आनंद, पंकज घृतलहरे, टुवेन्द्र वर्मा, सुश्री सोनिया राजपूत, सुश्री स्वाती कुंजाम द्वारा पौधारोपण किया गया।

### कोबिया स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपे गए पौधे

**बेमेतरा।** शासकीय हाई स्कूल कोबिया में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या बच्चों एवं शिक्षको ने कार्यक्रम में भाग लिया । प्राचार्य श्री जांगड़े ने कहा कि मां की कोई बराबरी नहीं कर सकता। प्रकृति भी माता की ही तरह हमारा पालन पोषण करती है, वैसे ही प्रकृति और धरती भी इसलिए हम धरती को मां कहते हैं। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष राकेश वर्मा, राजू देवांगन जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, पार्षद साधेलाल बघेल, संतोष वर्मा शहर महामंत्री, कमलेश वर्मा अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर बेमेतरा व शिक्षक उपस्थित रहे।




## छलकने लगा खपरी जलाशय

**अंडा।** जिले में पिछले दिनों हुई जोरदार बारिश के बाद खपरी जलाशय छलकने लगा है। जिले की इस 110 वर्ष पुरानी मध्यम परियोजना खपरी जलाशय शत प्रतिशत भर जाने से इससे सिंचित होने वाली कृषि भूमि के पानी की समस्या दूर हो गई है। गौरतलब है कि जिले में पिछले सप्ताह भर से लगातार अच्छी वर्षा हो रही है। इससे जिले के सभी जलाशयों में पानी भराव बढ़ रहा है। जिले की 110 वर्ष पुरानी मध्यम परियोजना खपरी जलाशय शत प्रतिशत भर गया है। खपरी जलाशय की कुल जल भराव क्षमता 13 एमसीएम है। इसके माध्यम से साढ़े चार हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। शत प्रतिशत जलभराव के साथ इसके सिंचाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो गई है। इससे शिवनाथ नदी में महमरा एनीकट पर वर्तमान में साढ़े पांच फीट जल प्रवाह है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### विद्याचरण शुक्ल की जयंती 2 अगस्त को

**रायपुर।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल एवं झीरम घाटी के शहीद, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल की जयंती 2 अगस्त को मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम विद्याचरण शुक्ल उद्यान में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। साथ ही 10.30 बजे छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के केंद्रीय कार्यालय, शुक्ल भवन, बूढ़ापारा में भी पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई जाएगी। यह जानकारी परिषद के महामंत्री रामअवतार देवांगन और प्रवक्ता नितिन कुमार झा ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी आदि शामिल होंगे।

### ढेबर कर रहे बचकानी हरकत, ऐसा राजनीतिक आचरण शर्मनाक



**रायपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने राजधानी में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान महापौर एजाज ढेबर द्वारा अपने खिलाफ हो रही कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारी का नाम लेकर आत्महत्या की धमकी देने को उनके बचकानेपन और कांग्रेस के नये-नये अराजकतावादी चरित्र का परिचायक बताया है। उन्होंने कहा, ढेबर को यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रशासनिक अधिकारियों को आत्महत्या की धमकी देकर कानून सम्मत कार्य से रोकने इस तरह से दबाव बनाना भी एक तरह का अपराध होता है, जो वह अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए सरेआम इन दिनों लगातार कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा, महापौर जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे ढेबर को अपने इस राजनीतिक आचरण पर शर्म महसूस करनी चाहिए।

### अपनी नाकामी छिपाने रियायत को घोटाला बताने की साजिश



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, स्टील उद्योगों को बिजली बिल में राहत को घोटाला बताना भाजपा सरकार की घटिया मानसिकता है। बिजली के दाम बढ़ाकर साय सरकार आम उपभोक्ता सहित उद्योगों और किसानों की कमर तोड़ने में लगी है। ऊपर से पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दी गयी रियायतों को घोटाला बताकर अपनी नाकामियों पर से पर्दा डालने का प्रयास है। कोरोना काल में जब उद्योग, व्यापार बंदी के कागार पर खड़े थे, तब कांग्रेस की भूपेश सरकार इन उद्योगों में काम करने वाले 2 लाख से अधिक मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने उद्योगों को बिजली बिल में रियायत दी, ताकि उद्योग बंद न हो और मजदूरों को रोजगार मिलता रहे।

### सेवानिवृत्त होने पर संभागायुक्त डा. अलंग को भावभीनी विदाई



**रायपुर।** रायपुर संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग को सेवानिवृत्ति के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें शॉल व श्रीफल भेंटकर भावभीनी विदाई दी। 35 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद डा. अलंग सेवानिवृत्त हुए है। इस मौके पर अपने अनुभव साझा करते हुए डॉ. अलंग ने कहा कि प्रशासनिक दायित्वों के 35 वर्ष का अनुभव बहुत ही यादगार रहा है। इस दौरान सभी का स्नेह मिला, वह हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरी प्रशासनिक यात्रा बेहद सुखद रही है और जो स्नेह मिला, उसकी स्मृतियां हमेशा मन में रहेगी। उन्होंने कहा कि उस दौर में पढ़ाई कठिन परिस्थितियों में होती थी और नौकरी शुरू करने के बाद प्रशासनिक दायित्व का बेहतर तरीके से निर्वहन किया।

# नाबालिग को सामान्य जेल में रखना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है : नवरत्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

युवाओं को पुनः स्थापित करने, जेलों में बंद किशोरों की पहचान और विधिक सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान 2024 के अंतर्गत विशेष कार्यशाला का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार तथा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार श्याम लाल नवरत्न प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने कहा कि नाबालिग को सामान्य जेल में रखना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

इस प्रकार के बंदी यदि कोई जेल में है तो हमें समय पर इसके लिये कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। निश्चित रूप से उक्त किशोरों की समय से पहचान कर उन्हें समय से न्याय दिलाने में कारगर साबित होगी। इस अभियान के तहत उक्त किशोरों की पहचान की जायेगी तथा उन्हें हरसंभव विधिक सहायता प्रदान की जायेगी।

#### जिला न्यायालय परिसर में किया गया कार्यशाला का आयोजन



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बालोद सरोजनंद दास, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश) पॉक्सो कोर्ट बालोद किरण कुमार जांगड़े, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट बालोद संजय कुमार सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्वेता उपाध्याय गौर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद माधुरी मरकाम, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी हीरा सिन्हा, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सागर चंद्राकर, चीफ लीगल एड डिफेंस कांउसिल पांडेय, डिप्टी, लीगल एड डिफेंस कांउसिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कांउसिल, तथा पुलिस विभाग के अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के समस्त पैरालिगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

### विधि विधान से तीन दिनों से पूजा के बाद मंत्री नेताम ने किया गृह प्रवेश

# नवा रायपुर में मुख्यमंत्री और मंत्री निवास के साथ बन रहा राजभवन और विधानसभा अध्यक्ष निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में मुख्यमंत्री और मंत्री निवास का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यहां पर इसके साथ राजभवन और विधानसभा अध्यक्ष का निवास भी बन रहा है। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में 14 एकड़ में राजभवन, विधानसभा अध्यक्ष व अफसरों के बंगले के साथ ही 164 आवास बनाए जाने हैं। इन आवासों के बनने से यहां की बसाहट बढ़ाने में मदद मिलेगी। दो साल पहले प्रोजेक्ट के निर्माण में लगभग 505 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अगले साल तक सभी निर्माणों के पूरा होने का अनुमान है।

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद मंत्रालय और संचालनालय के नवा रायपुर में शिफ्ट होने के बाद यहां पर अन्य विभागों के कार्यालय भी तैयार किए गए। इनमें कई निगम मंडल और विभागों का कामकाज भी वहां से शुरू हो गया है। ऐसे में यहां पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आवास का निर्माण पूरा होने के बाद उनकी शिफ्टिंग की तैयारी शुरू हो गई है। मंत्रियों के सभी बंगले 2-2 एकड़ में बने हैं। निवास और कार्यालय की व्यवस्था अलग-अलग है। सुरक्षा व्यवस्था का रिव्यू करने के बाद अन्य मंत्री भी यहां पर आने को तैयार होंगे। मंत्री रामविचार नेताम सेक्टर 24 के एम-5 बंगले में विधि विधान से तीन दिनों से पूजा अर्चना रामानुजगंज के पुजारी नंदू पांडे, सुधांशु महाराज एवं विनय पांडे ने कराई। तीन दिनों तक चले अनुष्ठान में वास्तु शांति, रूद्राभिषेक, सत्यनारायण भगवान की कथा एवं पूजा कराई गई, जिसमें मंत्री राम विचार नेताम उनकी धर्मपत्नी पुष्पा नेताम सहित उनका पूरा परिवार सम्मिलित हुआ। उनके शिफ्ट होने के बाद अन्य मंत्रियों के शिफ्ट होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



#### प्रशासनिक राजधानी के रूप में होगी विकसित

नवा रायपुर में मंत्रालय, संचालनालय और अन्य विभागों के कार्यालयों के शुरू होने के साथ ही कई प्रशासनिक अफसर भी वहां निवास करने लगे हैं। प्रशासनिक अफसरों के आवास तैयार होने के साथ मंत्रियों के वहां जाने से बसाहट पर असर पड़ेगा। बताया जाता है कि 8 एकड़ में दो मंजिला मुख्यमंत्री निवास पहले ही तैयार हो चुका है। चुनाव के बाद यह चर्चा थी कि मुख्यमंत्री नवा रायपुर में ही रहेंगे। बाद में सुरक्षा और अन्य कारणों से राजधानी रायपुर के पुराने मुख्यमंत्री निवास में शिफ्ट हुए। यहां अफसरों के लिए सेक्टर-18 में ऐसे 78 बंगले भी तैयार हो रहे हैं। यहां पर विधानसभा भवन का निर्माण जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यहां पर विधानसभा के अफसर और कर्मियों के लिए भी आवासीय परिसर तैयार करने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। माना जा रहा है कि यहां पर विधानसभा शिफ्ट होने के बाद स्थिति बदलेगी और आने वाले समय में यह प्रशासनिक राजधानी के रूप में विकसित होगा।

#### नए सीएम हाउस का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित नए सीएम हाउस का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री बुधवार को मंत्री रामविचार नेताम के नवा रायपुर स्थित सरकारी बंगले के गृहप्रवेश में शामिल होने पहुंचे थे, इसी दौरान नवनिर्मित मुख्यमंत्री निवास देखने पहुंचे। सेक्टर 24 में स्थित सीएम हाउस परिसर का अधिकारियों के साथ भ्रमण कर निवास कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को नक्शे के माध्यम से नए सीएम हाउस में हुए सभी निर्माण कार्यों की जानकारी दी। नए सीएम हाउस में सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समझा जाता है कि मुख्यमंत्री भी अपने नए सीएम हाउस में जल्दी ही शिफ्ट हो सकते हैं।

## समस्या निवारण शिविर में पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल लिया व्यवस्था का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के राजापारा दुर्गा मंच वार्ड क्रमांक 06 में पहुँचकर वहाँ वार्ड क्रमांक 06, 07 एवं 08 में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर विभागवार प्राप्त कुल आवेदन एवं उसके निराकरण के लिए की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित नगर पंचायत के पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने विद्युत, राजस्व, खाद्य, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आदि विभागों के स्टॉलों में पहुँचकर वहाँ उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से कुल आवेदन तथा आवेदनों के प्रकार एवं निराकरण की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से चर्चा कर वार्डवासियों के प्रमुख आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को शिविर में पहुँचने वाले सभी आवेदकों से पूरी संवेदनशीलता एवं आत्मीयता के साथ बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी लेने को कहा। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

## किल्लेकोड़ा विद्यालय की छात्रसंघ अध्यक्ष बनीं यशस्वी



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य अजय मुखर्जी के संरक्षण और व्याख्याता डॉ बीएल साहसी के निर्देशन में छात्रसंघ चुनाव कराया गया। शाला नायक के पद पर यशस्वी शर्मा 11वीं ने अपने प्रतिद्वंदी को 16 मतों से पराजित किया।

वहीं, निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों में छात्र संघ उपाध्यक्ष देवेश कुमार दसवीं, आकाश कुमार 11वीं क्रीड़ा सचिव, चांदनी 10वीं उपक्रीड़ा सचिव, मीनाक्षी ग्यारहवीं अनुशासन सचिव, आयुष कुमार दसवीं उप अनुशासन सचिव, मनीष कुमार 10वीं बागवानी सचिव, रविंद्र कुमार नवमी बागवानी उपसचिव, लिलेश्वर कुमार ग्यारहवीं स्वास्थ्य सचिव, मोनिका दसवीं स्वास्थ्य उप सचिव, पायल ग्यारहवीं सांस्कृतिक सचिव, काजल दसवीं उप सांस्कृतिक सचिव, दामिनी दसवीं स्वच्छता सचिव तथा विकास कक्षा दसवीं स्वच्छता उप सचिव बनाए गए। इसी तरह छात्रा प्रतिनिधि के रूप में चंद्रमुखी, मोनिका और दिलेश्वरी 11वीं निर्विरोध चुने गए। प्राचार्य ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आभार प्रदर्शन व्याख्याता सीजी पटेल ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता वायएस मरकाम, जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू, त्रिजला ठाकुर, ललित देवहारी, श्रवण यादव, खगेश ठाकुर और कुशल देवदास सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में शामिल होगा डौंडीलोहारा का भोजराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



राज्य स्तरीय 51वीं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा

- जगदलपुर में आयोजित प्रदर्शनी में अपने मॉडल का करेंगे प्रदर्शन

के छात्र भोजराज सिन्हा,व्याख्याता एनुका शार्वां के मार्गदर्शन में बस्तर जिला के जगतू महारा शासकीय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में अपने माडल का प्रदर्शन करेंगे। यह कार्यशाला 31 जुलाई से 3 अगस्त तक जगदलपुर में आयोजित की जा रही है। प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर ने भोजराज सिन्हा को बधाई व शुभकामनाएं दी। भोजराज के साथ मॉडल निर्माण में विज्ञान सहायक हेमंत साहू और उनके विद्यार्थी साथी तेज प्रकाश, कुणाल, प्रतीक का भी सहयोग रहा। संभाग स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयन के पश्चात छात्र का माडल दुर्ग जोन से राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। भोजराज सिन्हा कक्षा 12वी का छात्र है वह अपने मॉडल में कम्युतेशनल थिंकिंग के अंतर्गत रॉकेट नोदन का चलित मॉडल बनाया है। इनके पिताजी रविचंद सिन्हा भी शिक्षा विभाग में प्राथमिक विद्यालय अंडी में पदस्थ हैं। माता उत्तरा बाई सिन्हा गृहणी हैं। भोजराज पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय हैं।

## शासकीय विद्यालय गुण्डरदेही में दी गई कानून की जानकारी



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में रासेयो ईकाई द्वारा विधिक साक्षरता व नये संविधान के नियम व संशोधन के संबंध में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महेश बाबू साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की विधिक जानकारी प्रदान की। साथ ही पैरालिगल वालिंटियर देवेन्द्र साहू, सरोन साहू, प्रभारी प्राचार्य एके सेन, ओपी.साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश चन्द्राकर, शीतल ठाकुर व बी.मण्डावी, व्याख्याता चेलक, व्याख्याता संजय शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ व लगभग 200 छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी केएस कुल्हारे ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मिली जानकारी को अपने पालकों एवं अन्य लोगों के साथ ही साझा करने को कहा।

### 554 क्विंटल धान बीज की बिक्री पर लगी रोक, अब मंडी में बिकेगा

# 193 धान बीज के नमूनों की जांच में 11 अमानक निकले

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

खरीफ फसल के लिए किसानों को सोसाइटियों में उपलब्ध कराए जाने वाले धान के बीज में 11 लॉट के नमूने अमानक पाए गए हैं। इस कारण इन नमूनों के लॉट का 554.50 क्विंटल बीज की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। रोक लगाने के बाद अमानक लॉट को बीज निगम को वापस भेज दिया गया है। इधर अमानक नमूनों की रिपोर्ट आने में करीब महीनेभर का समय लग गया। इधर सूत्रों के अनुसार नमूनों की रिपोर्ट के आने के पहले कई किसान अमानक लॉट के बीज की खरीदी कर चुके थे, जिन्हें नुकसान भी हुआ है। अमानक होने के कारण बीज अंकुरित नहीं हो पाए। इस मामले में कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस लॉट का बीज बिका ही नहीं है और अगर किसी किसान ने अमानक लॉट का बीज खरीदा है, तो शिकायत करने पर उसे बीज बदलकर उपलब्ध कराया जाएगा।



#### रिपोर्ट के अभाव में सोसाइटियों में बिक रहा लॉट का मॉल

सूत्रों की मानें तो जिन तीन नमूनों की रिपोर्ट अब तक आ नहीं पाई है, उन नमूनों के लॉट में से भी कई क्विंटल बीज की बिक्री हो चुकी है। हालांकि विभागीय अधिकारी इस मामले में अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। उनका यहीं कहना है कि रिपोर्ट अगर अमानक आएगी, तो उस लॉट के बीज की बिक्री पर भी रोक लगाई जाएगी और उसे बीज निगम को वापस भेजा जाएगा।

#### अभनपुर और जोरा क्षेत्र की सोसाइटी में मिला अमानक बीज

खरीफ फसल के लि बीज निगम द्वारा धान बीज की खरीदी की जाती है। इस बीच को जिले के सभी सोसाइटियों में भंडारण किया जाता है, ताकि किसानों को आसानी से खेती के लिए बीज उपलब्ध कराया जा सके। सोसाइटियों में भंडारण किए जाने के बाद कृषि विभाग इन भंडारण बीजों की क्वालिटी की जांच करता है। इसके लिए बीजों के लॉट में से नमूने लेकर उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाता है।

#### 196 नमूनों की जांच का मिला था लक्ष्य, 193 की आई रिपोर्ट

कृषि विभाग को धान, रागी, सनई, अरहर, कोदो, उड़द, मूंग व मूंगफली के बीज मिलाकर कुल 216 नमूने लेकर उसकी जांच कराने का लक्ष्य दिया गया था। इसमें सबसे ज्यादा 196 धान बीज के नमूनों की जांच कराई जानी थी। इसकी तुलना में 193 धान बीज के नमूनों की रिपोर्ट आई हैं, जिनमें 182 मानक एवं 11 अमानक पाए गए हैं। शेष 3 नमूनों की जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई है।

#### मंडी में बिकता है अमानक बीज

सूत्रों के अनुसार अमानक बीज को मंडी में भी खरीदा जाता है। नमूनों की जांच में जिस लॉट का बीज अमानक पाया जाता है, उस लॉट को सोसाइटियों से वापस उठाने के बाद मंडी में बेच दिया जाता है। मंडी में इस बीज का मूल्य व्यापारी तय करते हैं।

#### धान बीज के 11 नमूने अमानक मिले

धान बीज के 196 नमूने लिए गए थे। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था, जिनमें से 193 नमूनों की रिपोर्ट आई है। इनमें 182 मानक एवं 11 अमानक पाए गए हैं। अमानक बीज के लॉट का 554.50 क्विंटल बीज की बिक्री पर रोक लगाई गई है।

- राजेंद्र कश्यप
उप संचालक
कृषि विभाग रायपुर

### भूजल संरक्षण के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट

**रायपुर।** शहर में भूजल संरक्षण करने बिल्डरों, छत्तीसगढ़ क्रेडाई, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर सहित स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता से भूजल विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट बनवाया जा रहा है। इससे छोटे-छोटे सेक्टर में प्रत्येक पीट से करीबन 2 लाख लीटर वर्षा जल संग्रहण का कार्य किया जा सकेगा। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिष्नरों सहित कार्यपालन अभियंताओं को वर्षा जल संग्रहण रैनवाटर हार्वेस्टिंग पीट तैयार करवाने निर्देश दिये हैं। रावणभाठा मैदान के किनारे, अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड के समीप रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट तैयार किये गये हैं। मेट्रो पार्क सड्डू में 50 रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट तैयार किये गये। कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा को रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट अभियान मॉनिटरिंग का जिम्मा दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### पैरालीगल वालिंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**बालोद।** प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्याम लाल नवरत्न की अध्यक्षता में पैरालीगल वालिंटियर्स का मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार तथा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने पैरालीगल वालिंटियर्स को नालसा एवं सालसा की योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार एवं प्रसार करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्वेता उपाध्याय गौर एवं समस्त थाना में पदस्थ पैरालीगल वालंटियर्स, प्रबंध कार्यालय एवं लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के समस्त पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

### विकासखण्ड स्तरीय तदर्थ समिति गठित



**बालोद।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय बालोद में विकासखण्ड स्तरीय बुलबुल रोवर रेंजर शाला प्रभारियों के साथ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्लाक आयुक्त की उपस्थिति में विकासखण्ड स्तरीय तदर्थ समिति का गठन किया गया। रामकुमार सिन्हा ने बताया कि इस दौरान वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इससे विकासखण्ड, जिला बालोद में स्काउटिंग की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। बैठक में डीओसी चन्द्राकर, कमला वर्मा, प्राचार्य अरूण साहू, विकासखण्ड सचिव एवं बीईओ बाद्य उपस्थित थे। इस दौरान कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें विकासखण्ड आयुक्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बी बाद्य, विकासखण्ड सचिव रूपेन्द्र सिन्हा, विकासखण्ड संयुक्त सचिव गायत्री साहू, विकासखण्ड रोवर लीडर प्रभारी विवेक ध्रुव, विकासखण्ड स्काउट प्रभारी कौशल साहू, लेड़िया, विकासखण्ड गाईड प्रभारी तुलसी डोंगरे, विकासखण्ड क्लब मास्टर प्रभारी रामकुमार सिन्हा, विकासखण्ड सह प्रभारी लिमेश रात्रे, विकासखण्ड बुलबुल प्रभारी गीतेश्वरी साहू, विकासखण्ड सह प्रभारी किरण सिन्हा, कैडिजेट लीडर कमला वर्मा, विकासखण्ड सहायक केआर साहू तथा विशेष आमंत्रित सदस्य नेमसिंह साहू को बनाया गया है।

### ब्रेक फेल होने से कंटेनर अंडरब्रिज में घुसा, ढांचा गिरा

**भिलाई।** रेलवे द्वारा बनाए गए नेहरू नगर चौक के अंडरब्रिज में एक कंटेनर घुस गया। काफी देर तक अंडरब्रिज में कंटेनर फंसा रहा इसके कारण काफी देर तक लोगों का अंडरब्रिज में आवागमन बंद रहा। ट्रैफिक पुलिस और पीडब्ल्यूडी की टीम मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से कंटेनर और ब्रिज के टूटे हिस्से को निकाला गया।

## पेज 9 का शेष

### साजा विधायक का ...

वर्तमान में पटेल समाज के जिलाध्यक्ष भी हैं। वहीं, उनके खिलाफ बिरनपुर गाँव निवासी प्रेमलाल साहू जो साजा विधायक के पूर्व प्रतिनिधि व पूर्व निज सचिव होने के साथ ही रिश्तेदारी में भतीजा भी है। बताया जा रहा है कि प्रेमलाल द्वारा विगत दिनों बीजेपी के वाट्सएप ग्रुप पर सभापति गोवेन्द्र पटेल को लेकर तरह-तरह की परिवारिक एवं व्यक्तिगत अमर्यादित टिप्पणी की। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। वहीं, इस मामले में सभापति गोवेन्द्र पटेल ने पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। उसके अगले ही दिन देवरबीजा चौकी पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल पर धारा 151 लगाकर हिरासत में लिया और मामले को न्यायालय में पेश कर दिया।

---

**विरोध : रिपोर्ट दर्ज करवाने विधायक संगीता ने गुरूर थाने में दिया था धरना**

# प्रेरणा ने पार्षद कुंती और उनके दामाद के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट वापस ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिस प्रेरणा साहू ने महिला पार्षद कुन्ती सिन्हा और उनके दामाद अनुराग जैन के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसने वह रिपोर्ट वापस ले ली है। जबकि उसी प्रेरणा साहू के आवेदन पर रिपोर्ट दर्ज कराने विधायक संगीता सिन्हा करीब पांच घंटे तक गुरुर थाने में धरना देकर बैठ गई थीं।

प्रेरणा साहू द्वारा रिपोर्ट वापस लिए जाने के बाद संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर गुरुर नगर में हुए घटना क्रम को लेकर अपनी बात रखी। विधायक संगीता ने कहा कि प्रेरणा साहू दबावपूर्वक रिपोर्ट नहीं लिखाई, कुछ लोग इसके लिए मुझ पर आरोप लगा रहे हैं, जिनका मैं खंडन करती हूँ।



विधायक संगीता ने विनोद नेताम नामक युवक के साथ हुए मारपीट की घटना को लेकर कहा कि वह हमेशा अभद्र व्यवहार करता है। उसे किसी ने नहीं मारा, वह शराब के नशे में विधायक कार्यालय पहुंचकर गाली गलौज कर रहा था, जिसे धक्का देकर बाहर निकाला गया। उसके बाद उसने थाने में जाकर विधायक कार्यालय में मारपीट व अपहरण करने का आरोप लगाया। उसके खिलाफ सरपंचों से वसूली करने की लगातार शिकायतें हैं, वह हमेशा शराब के नशे में चूर रहता है।

### पार्षद कुंती के गिरने को लेकर दी सफाई

उधर, भाजपा की महिला पार्षद कुंती सिन्हा के साथ हुई मारपीट के मामले में विधायक संगीता ने कहा कि जब प्रशासन कॉम्प्लेक्स को तोड़ रहा था, तो कुंती सिन्हा के लोग पटाखा फोड़ रहे थे। कुछ महिलाएं उनसे बात करने उनके घर गईं और उनको लेकर आ रही थीं, तभी कुंती सिन्हा की साड़ी उनके पैर में फंस गई, जिससे वह गिर गई, जिसका वीडियो सामने आया है। लेकिन भाजपाइयों ने उसे राजनीतिक ढंग से नया रूप दे दिया है।

---

**भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री ने लगाया आरोप**

# पूर्व विधायक भैयाराम बिगाड़ रहे कानून व्यवस्था हो कड़ी कार्रवाई : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कांग्रेस के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक गुण्डागर्दी कर कानून व्यवस्था बिगाड़ने का षड़यंत्र रचकर अराजकता का माहौल बना रहे हैं।



श्री यादव ने कहा कि इसका ताजा उदाहरण परसुली गुरुर निवासी एक पत्रकार विनोद नेताम के साथ की गई मारपीट की घटना है। उन्होंने मारपीट में गंभीर रुप से घायल विनोद नेताम के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने यह कहा कि भाजपा शासन में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### जाने क्या है मामला

गौरतलब हो कि ग्राम परसुली गुरूर निवासी पत्रकार विनोद नेताम की रिपोर्ट पर पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा और अन्य लोगों के खिलाफ गुरुर थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। एफआईआर के मुताबिक संजारी बालोद विधानसभा के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने विनोद नेताम को धमकी दी और गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला किया।

---

# परिवार को सुखमय बनाने के लिए सहनशीलता आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महावीर भवन में चल रही प्रवचन श्रृंखला में जैन संत ऋषभ सागरजी मसा का जीवन दर्शन पर आधारित व्याख्यान चल रहा है। संतश्री ने सहनशीलता पर चल रहे अपने उद्बोधन को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सहनशील व्यक्ति दूसरों को सुधारने की क्षमता भी रखता है। अहिंसा के सामने हिंसा को झुकना ही पड़ता है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह युद्ध में तलवार के साथ ढाल भी जरूरी होता है, उसी तरह व्यवहारिक जीवन में सहनशीलता का ढाल भी आवश्यक है। जिस तरह सागर, नदियों को समाहित करने की क्षमता रखता है उसी तरह जीवन में सहनशीलता का गुण आवश्यक है, वर्तमान परिस्थितियों में परिवार को सुखमय बनाने के लिए सहनशीलता का गुण विकसित करना आवश्यक है। सहनशीलता का लेवल कम होता है, तो क्रूरता बढ़ती है। जरा सी डांट असह्य लगती है, आज क्रूरता इतनी बढ़ गई है कि लगता है जैसे लोग आग के गोले पर बैठे हों। हत्या या आत्महत्या मामूली बात हो गई है। लेकिन, सहनशीलता का यह गुण स्वयं को बदल सकता है तथा दूसरों को भी बदलने की क्षमता रखता है। इस गुण से परिवार में सामंजस्य बना रहता है।



■ महावीर भवन में जैन संत ऋषभ सागरजी मसा ने दिया प्रवचन

### दोष देखने से दोष बढ़ते हैं और गुणों को देखने से गुण

सहनशील व्यक्ति गुणी–अवगुणी सभी व्यक्ति से संयमित व्यवहार कर सकता है। कब, कहा कैसे बोलना इसका ध्यान रख सकता है। किसी के दोष देखते रहने से दोष बढ़ते हैं और गुणों को देखने से गुण बढ़ते हैं। अतः हमेशा अपने अंदर सकारात्मक भाव बनाये रखें। भगवान को मानने वाला व्यक्ति कर्म के सिद्धांत को मानता है। कष्ट आने पर उसे सहन करता है, किसी पर दोषारोपण नहीं करता। भगवान महावीर स्वामी को भी कितने कष्ट सहने पड़े थे। उन्हें अपना आदर्श मान कर यह गुण बढ़ा सकते हैं। सहनशीलता कायरता नही अपितु वीरता की निशानी है, आदर्श परिवार के लिए यह सर्वोत्तम गुण है। आज राजनांदगांव एवं रायपुर से दर्शन, वंदन एवं व्याख्यान का लाभ लेने श्रावक श्राविकाएं पहुंचे थे।

---

### आत्मानंद स्कूल मंगचुवा की छात्राओं को मिली सायकिल



**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंगचुवा में गुरुवार को सरस्वती योजना अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 49 बालिकाओं को सायकल का निःशुल्क वितरण किया गया। साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरों पर खुशियां साफ झलक रही थीं। शाला के प्रभारी प्राचार्य आईआर बगमरिया ने छात्राओं को नियमित शाला आने व मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सरपंच पति टीआर नायक, उपसरपंच उत्तम ठाकुर, पंच उत्तरा घरेन्द्र एवं स्टॉफ के समस्त कर्मचारी शामिल हुए।

### शासकीय विद्यालय कलंगपुर की छात्राओं को दी गई सायकिल



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में प्राचार्य टीएस कोल्हे के मार्गदर्शन में शासन की योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी की 36 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर थे, अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही सुचित्र हेमंत साहू ने की। विशेष अतिथि पुष्पा गोविंद सिन्हा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास जैन, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र जैन, पूर्व सरपंच गोबिंद सिन्हा थे। सभी अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करने के बाद अनुशासन में रहकर अच्छी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में व्याख्याता टीसी. मंडावी, डीएल. साहू, एचएल. साहू, वायके साहू, आर. मालवीय, एम. धावे, एस. देवांगन, एस सिंघारे उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन आरएन साहू तथा आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य डीएल साहू ने किया।

### राष्ट्रीय रस्साखींच स्पर्धा में भाग लेंगी सांकरी की महिला खिलाड़ी



**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम सांकरी की महिला खिलाड़ी उत्तरप्रदेश के आगरा में होने वाले राष्ट्रीय रस्साखींच प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के लिए आगरा जाने के पूर्व सभी महिला खिलाड़ियों ने भाजपा नेता व क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर से मुलाक़ात की। इस दौरान श्री चंद्राकर ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनकी मांग के अनुरूप आर्थिक सहयोग राशि भी प्रदान की। विदित हो कि रस्साखींच की इस टीम ने पूर्व में भी कई प्रतियोगिताओं व छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भी जीत का परचम लहराया है। इस अवसर पर खिलाड़ी योगेश्वरी निषाद, मेघा निषाद, राजेश्वरी ठाकुर, केसरी निषाद, तृप्ति साहू, पूजा ठाकुर, ईशा पड़ोती, भारती साहू, नम्रता यादव, श्रद्धा पाण्डेय, टिम्पल निषाद मौजूद रहे।

---

**गुंडरदेही में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचे कलेक्टर ने कहा**

# संवेदनशीलता और आत्मीयता के साथ सुनें शिविर में पहुँचने वालों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विकासखण्ड मुख्यालय गुण्डरदेही के साहड़ा चौक में पहुँचकर वहाँ वार्ड क्रमांक 05 एवं 06 के समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित जन समस्या निवारण शिविर का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर विभागवार प्राप्त कुल आवेदन एवं उसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमा सोनकर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रमोद जैन, तहसीलदार कोमल धुरव सहित नगर पंचायत के पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि



राज्य शासन के निर्देशानुसार 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत बालोद जिले के सभी नगरीय निकायों में निरंतर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर वार्डवासियों के प्रमुख आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को शिविर में पहुँचने वाले सभी आवेदकों से पूरी संवेदनशीलता एवं आत्मीयता के साथ बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी लेने को कहा। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### विभिन्न विभागों के अधिकारियों से ली जानकारी

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने विद्युत, राजस्व, खाद्य, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आदि विभागों के स्टॉलों में पहुँचकर वहाँ उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से कुल आवेदन तथा आवेदनों के प्रकार एवं निराकरण की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने विद्युत विभाग के स्टॉल में उपस्थित उपयंत्री से शहर में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में पहुँचकर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य के संबंध में जानकारी ली।

---

# पाण्डेपारा के नागरिकों ने बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका प्रशासन द्वारा जन समस्या निवारण शिविर शहर के पाण्डेपारा स्थित रंगमंच में लगाया गया था। शिविर में पाण्डेपारा निवासियों ने नाली में गंदगी, पेयजल समस्या सहित कई तरह की समस्याओं का समाधान करने व सड़क निर्माण की मांग की है।

■ नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर

मोहल्ले वासियों द्वारा महावीर गली से रंगमंच तक सील कोड कराने, विशाली साहू के घर से लेकर ताराचंद किराना दुकान तक सीमेंटीकरण और नई नाली निर्माण की मांग की गई।

इसी के साथ ही शासकीय कन्या प्राथमिक शाला क्रमांक 2 में शाला भवन की मांग की गई। वहीं, विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी मांग की गई। इसके साथ ही केवट गली में नाली अधूरी है, उसे बड़े




नाली में जोड़ने की मांग की गई है। वहीं, रंगमंच से लेकर दंतेश्वरी मंदिर तक रोड को सील कोड करने की मांग भी की गई है।

### मोटरपंप बदलने की मांग

इसी के साथ ही वार्ड क्रमांक 6 व 7 में बीते तीन दिनों से वार्डवासियों के घरों में पानी नहीं आने से परेशान वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद के माध्यम से पेयजल समस्या को दूर करने व बार बार मोटरपंप खराब होने के कारण वार्डवासियों के घरों में पानी नहीं आने के कारण मोटरपंप को बदलकर दूसरा मोटरपंप लगाने की मांग की गई है। वार्डवासियों ने बताया कि काशीबन तालाब पार में लगा मोटरपंप हर महीने खराब होता है। गर्मी के दिनों में पालिका प्रशासन लो वोल्टेज का हवाला देकर मोटरपंप को खराब होने की बात कहते थे, लेकिन वर्तमान में लो वोल्टेज जैसी स्थिति नहीं है, उसके बावजूद मोटरपंप खराब हो रहा है। प्रत्येक महीने 3 से 4 दिनों तक वार्डवासियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है। वार्डवासियों ने कहा कि मोटरपंप को सुधारने के बजाए उसे बदलना जरूरी है।

---

**जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीण, कलेक्टर को बताई समस्या, दिया आवेदन**

# दो साल पहले तोड़ा गया जर्जर शाला भवन, आज तक नया नहीं बन सका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम पंचायत घुमका के आश्रित ग्राम धौराभाटा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के भवन को दो वर्ष पहले जर्जर होने के कारण तोड़ा गया था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी उक्त जगह पर नवीन स्कूल भवन का निर्माण नहीं किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धौराभाटा के प्राथमिक स्कूल को दो वर्ष पहले तोड़ने के बाद से स्कूली बच्चों को अतिरिक्त भवन में पढ़ाई



कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, जहाँ कक्षा पहली से पाँचवी तक के स्कूली बच्चे एक ही कक्ष में बैठाकर पढ़ाई कराने को मजबूर है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है और बच्चों के बैठने के लिए जगह की कमी बनी हुई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल की समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत किया गया है, लेकिन बच्चों की समस्या पर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण आज भी बच्चों को एक ही छत के नीचे एक की कक्षा में रहकर पढ़ाई करना पड़ रहा है।

शाला विकास समिति अध्यक्ष फलमेश्वर राणा ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल भवन को जर्जर होने के पश्चात दो वर्षों पहले ही डिस्मेंटल कर दिया गया, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इसे बनाने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।



**खबर संक्षेप**



## लगातार बारिश के कारण गिरा मकान का छज्जा

**बालोद।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगह कच्चे मकानों में सीलन देखने को मिल रही है। कच्चे मकानों की दीवारें मिट्टी की होने के कारण पानी आसानी से सीलन के रूप में अंदर प्रवेश कर जाती हैं, इनके गिरने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं, ऐसी स्थिति में लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीलन होने के कारण घर के राशन के साथ अन्य सामान खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। इस बीच बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित गंजपारा एक पक्के मकान का छज्जा भरभराकर गिर गया। छज्जे के साथ ही बिजली का वायर भी टूटकर गिर गया था। ज्ञानेन्द साहू ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी जिसके बाद सप्लाई काटी गई।

## शासकीय विद्यालय माटरी के प्रधानपाठक चंदेल सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



**बालोद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माटरी के प्रधान पाठक चंदेल का शिक्षकीय कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कालु राम सिन्हा ने बताया कि श्री चंदेल ने बच्चों के लिए सायकिल स्टैंड बनाने के लिए बीस हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को न्योता भोज कराया।

## छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की बैठक 5 को दोपहर 12 बजे से नया पेंशनर भवन परियोजना कार्यालय के सामने डौण्डीलोहारा में रखी गई है। इस बैठक में बालोद जिला एवं तहसील डौण्डीलोहारा की सदस्यता, गत माह का आय-व्यय, बैठक व्यवस्था पर चर्चा, नया पेंशनर भवन का उद्घाटन खर्च का हिसाब प्रस्तुत किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी पेंशनर साथी को कोई व्यक्तिगत समस्या हो, तो अपने साथ आवेदन पत्र लेते आएं, ताकि निराकरण किया जा सके।

## मोबाइल चोर पकड़ाए

**भिलाई।** मोबाइल दुकान में चोरी करने मामले में पुलिस ने दो अपचारी बालको को गिरफ्तार किया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वैशाली नगर निवासी दिलीप माखीजा का आकाश गंगा सुपेला में ओम सांई राम के नाम से मोबाईल दुकान है। 24 जुलाई की रात अज्ञात चोर ने दुकान में रखे मोबाईल, स्मार्ट वाच, ईयर बर्डस चोरी कर फरार हो गया।

**अभियान :** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया आयोजन

# रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र ढोलिया में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र, ढोलिया, बेमेतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना था।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पी. वर्मा एवं डॉ. टी. डी. साहू ने भी वृक्षारोपण में हिस्सा लिया। सभी सहायक प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने मिलकर विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया। इस कार्यक्रम की आयोजनकर्ता राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज थीं।

कार्यक्रम की सफलता का श्रेय महाविद्यालय के सभी सदस्यों को जाता है जिन्होंने तन, मन, धन से सहयोग किया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. संदीप भंडारकर के नेतृत्व में यह आयोजन सफल रहा।



### 6 साल की गीतू ने लगाए पौधे, रोज देती है पानी

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला मनियारी के पहली कक्षा में पढ़ने वाली बालिका गीतू साहू जिनका उम्र 6 साल की है। इन्होंने अपने घर के सामने छोटे से सदासोहागिन फूल के पौधे लगाए थे जो आज बड़े होकर बड़ी संख्या में फूल खिलने लगे हैं। गीतू साहू छोटी सी उम्र में ही वृक्षारोपण के प्रति अपनी लगन को बहुत अच्छा संदेश लोगों को दिया जिनका परिणाम आज ये सदासोहागिल फूल के पौधे हैं। यह बालिका प्रतिदिन सुबह जल्दी उठ कर स्नान करने के बाद महादेव की पूजा करने जाती है। उसके बाद इस पौधे की पूजा कर उसमें जल अभिषेक कर जल चढ़ाती है। उसने कहा कि ऐसा करना मुझे अच्छा लगता है। ये मैं अपने मन से करती आ रही हूं।



### ये रहे मौजूद

डॉ. के. पी. वर्मा डॉ. टी. डी. साहू डॉ असित कुमार, श्रीमति कुन्ती बजारे, डॉ हेमलता निराला, श्रीमति प्रतिभा सिंह, डॉ. भारती बघेल, डॉ साक्षी बजाज, साथ-साथ कृषि महाविद्यालय के कर्मचारियों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. भारती बघेल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कदम्ब काजू, गुलमोहर अमलतास जैसे छायादार पौधे लगाए गए, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

## उमराव नगर स्कूल की छात्राओं की राखी से सजेगी सैनिकों की कलाई



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

समीपस्थ ग्राम उमरावनगर के प्राथमिक शाला की छात्राओं ने 1 अगस्त को लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार पूर्व सैनिक संगठन सिपाही पूर्व सैनिक महासभा (छ.ग.) के वार्षिक अभियान आपरेशन सिपाही रक्षासूत्र के तहत रक्षक अग्निवीर भारतीय सैनिकों को एक लिफाफा में अपने नाम पता का उल्लेख करते हुए राखी (रक्षासूत्र) और सैनिकों के तिलक के लिए गांव की एक चुटकी मिट्टी भेजने की तैयारी की है, जिसे विभाग द्वारा रक्षकों तक सुरक्षित पहुँचाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक हेमंत साहू ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश की रक्षार्थ अपने गांव से दूर सैनिकों को छुट्टी नहीं मिल पाने के कारण बहुत से सैनिक भाई रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं आ पाते हैं। रक्षाबंधन के दिन उनकी कलाइयां सूनी न रह जाएं, इसे ध्यान में रखते हुए उन्हें राखी भेज कर उनके कर्तव्यों को नमन करने का अवसर मिला है। इस अवसर को पर्व बनाने प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से प्रधानपाठक अनिता साहू, शिक्षक हेमन्त साहू, अंजली शर्मा, व संजय कुमार बंजारे उपस्थित थे।

■ छात्राओं ने सैनिकों को राखी के साथ तिलक करने भेजी गांव की मिट्टी

## असाक्षरों को जागरूक करने निकाली रैली




**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिये भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में भी असाक्षरों को साक्षर बनाने का वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 15 वर्ष के अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पाए हैं उन्हें बुनियादी शिक्षा प्रदान कर साक्षर बनाया जा रहा हैं।

कार्यक्रम की सफलता के लिए गणमान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने रैली निकाली। रैली के माध्यम से उक्त कार्यक्रम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई गई। नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम से संबंधित स्लोगन व नारों के साथ रैली शाला प्रांगण से प्रारंभ होकर जैन मेडिकल व राम मंदिर होते हुये गांधी चौक देवकर पहुंची। वहां उपस्थित गणमान्य नागरिकों को उक्त कार्यक्रम के विषय व उद्देश्य से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने कहा कि आज का युग एक शैक्षिक युग है। हर किसी की साक्षरता उनके जीवन के लिये महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार जीवन के लिये रोटी कपड़ा और मकान जरूरी है। इसी प्रकार शिक्षा भी हमारे लिये अत्यंत जरूरी है। शिक्षा न केवल हमें सफल होने के लिये एक मंच प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक आचरण, शक्ति, चरित्र, तथा आत्म सम्मान भी देती है। उक्त कार्यक्रम में वीणा रावटे, श्वेता वर्मा, आशुतोष चौबे एवं शाला परिवार के सदस्य शामिल थे।

## तहसीलदार विनोद ने किया स्नैक केचर मनीष का सम्मान



**नवागढ़।** नगर के जाने-माने स्नेक कैचर मनीष पाटिल को नवागढ़ तहसीलदार विनोद बंजारे ने उनके समाजसेवी कार्यों के लिए सम्मानित किया। बीते दिनों नवागढ़ के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में जहरीला सांप निकलने से दहशत का माहौल था। सूचना पर पहुंचे मनीष पाटिल ने सांप को पड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा था। उनके इस सेवाभाव के लिए नवागढ़ तहसीलदार विनोद बंजारे ने मनीष पाटिल को श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान नवागढ़ पटवारी दिनेश ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय बालोद में किया जा रहा है मोतियाबिंद का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई जिला बालोद अंतर्गत जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कार्यालय बालोद में किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी डॉ.एके.मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि अंतर्गत मोतियाबिंद ऑपरेशन जिला चिकित्सालय बालोद में 02 दिवस किया जा रहा है तथा गैर सरकारी संस्थाओं में भी मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जा रहा है। लक्ष्य पूर्ती के लिए सभी संस्थाओं में ऑपरेशन शासकीय रूप से किया जा रहा है।

■ सीएमएचओ द्वारा ली गई बैठक में दी गई जानकारी

जुलाई से सितम्बर माह तक जिले के समस्त माध्यमिक शाला में नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा छात्र–छात्राओं का नेत्र परीक्षण कर दृष्टिदोष छात्र–छात्राओं को निःशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। बुजुर्ग व्यक्तियों को नजदीक नजर का चश्मा वितरण तथा नेत्रदान जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत नेत्रदान पखवाड़ा, विश्व दृष्टि दिवस, विश्व ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन किया जाता है, जिसमें कॉचबिंद से पीडित मरीजों की जांच कर इलाज किया जाता है।

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में जिले में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारियों सीआर.मार्शल, मुकेश कुमार साहू, कुशल साहू, रविन्द्र कुमार वर्मा, धर्मेन्द्र देशमुख, अर्चना ठाकुर, डिगेश देवदास, श्यामसुंदर देवांगन, छत्रपाल साहू, टकेश्वरी देवांगन, सोनल राजपूरिया, प्रेमलाल साहू, अनिल कुमार सोनी, नोहर सिह चुरेन्द्र, मोकेश्वर हिरवानी, घनश्याम पूरी, खोमबाई पाल, रोशन प्रजापति, जयपाल राजपुत, दिनेश कुमार सिन्हा, कोमल देवांगन, चंद्रिका प्रसाद देवांगन, टिकेश्वर साहू, नारद साहू उपस्थित थे।



## बच्चों व शिक्षकों ने सीखा आग बुझाने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में गुरुवार को शिक्षक के साथ बच्चों ने भी फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों से आग बुझाने के तरीके सीखे। फायर ब्रिगेड बालोद के कर्मचारियों ने बहुत ही सुंदर ढंग से बच्चों तथा शिक्षकों को आग बुझाने के तरीके बताए। इसके तहत गैस सिलेंडर इलेक्ट्रॉनिक शॉर्ट सर्किट और साधारण आग लगने की स्थिति में किस तरह से आग पर काबू पाया जा सकता है, यह बुझाकर दिखाया।

■ फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने दिया प्रशिक्षण

फायर ब्रिगेड टीम में नीलकंठ पटेल फायर प्रभारी, लेखूराम चालक, किशोर कुमार फायरमैन ,कन्हैया विश्वकर्मा, सुरेश कुमार रावटे ने जानकारी दी। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन ,कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन, प्रभा जैन शाला के प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधान पाठिका नोम साहू, वीके साहू, अनिल थॉमस एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## मड़ियाकट्टा स्कूल में मनाया गया शिक्षा सप्ताह






हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखंड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में शिक्षा सप्ताह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा सप्ताह आयोजन कर दिवसवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीएलएम दिवस पर शिक्षकों को स्थानीय सामग्री के प्रदर्शन एवं कक्षा में इनके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। एफएलएन दिवस एफएलएन के क्रियान्वयन के लिए सभी हितधारकों बच्चों मध्य जागरूकता विकसित कराए। खेल दिवस-खेल दिवस के अवसर पर खेल और फिटनेस के महत्व हेतु खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।सांस्कृतिक कौशल विकास दिवस-विद्यार्थियों में विविधता में एकता की भावना विकसित करने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस-कौशल एवं डिजिटल पहल पर विकसित भारत कार्यक्रम प्रोत्साहन किया गया। मिशन लाइफ एवं इको क्लब दिवस यूथ एवं इको क्लब गठन कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।

सामुदायिक भागीदारी दिवस-बच्चों को स्थानीय समुदाय जन प्रतिनिधि पालक एसएमसी पीटीए पंचायती राज संस्था से मिल कर काम करने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षक परसराम साहू भुमिका मेवाड़े, दीनदयाल अटल, नारदराम भुआर्य, सुनील कुमार आलेन्द्र, साधना सिन्हा का सहयोग रहा।

## बालोद में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में मिले 75 आवेदन

**बालोद।** नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले आम नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 31 जुलाई को नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 06 महावीर वार्ड एवं 07 गुरू घासीदास वार्ड निवासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राशन कार्ड बनाने के लिए 8, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 20, पेयजल से संबंधित 12, राजस्व विभाग से संबंधित 3, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 1, क्रेडा में 01 आवेदनों के अलावा जन्म–मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 75 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 के लिए वार्ड क्रमांक 09 दुर्गा मंच के पास जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यहां लोक निर्माण विभाग के कुल 23, राजस्व विभाग के 33, परियोजना विभाग 09 सहित अन्य विभाग से संबंधित कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।

## जिपं सीईओ ने की उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने राज्य पोषित योजना एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत विभिन्न घटकों में वर्ष 2023-24 में किए गए कार्यों की पूर्ति की समीक्षा की। इसके साथ ही वर्ष 2024–25 में किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं में प्राप्त लक्ष्यों की प्रगति में कमी को शत प्रतिशत पूरा करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय नर्सरियों में आय–व्यय की भी समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागीय पौध उत्पादन, वितरण एवं मनरेगा योजना अन्तर्गत पौध उत्पादन एवं वितरण के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, सहायक संचालक उद्यान आकांक्षा सिन्हा सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

